डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जनकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031
फोन 2732193, फैक्स 2732185

# कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी संस्थाओं के विषम सेमेस्टर 2021–22 द्वितीय चरण की परीक्षा जो दिनांक 22 मार्च, 2022 से 06 अप्रैल, 2022 के मध्य आयोजित गयी थी, के छात्रों के परीक्षा फल घोषित हो चुके हैं। परीक्षा फल के उपरान्त ऐसे छात्र जो अपनी उत्तर पुस्तिका का चैलेन्ज मूल्यांकन **(Challenge Evaluation)** कराना चाहते हैं, ऐसे छात्र चैलेंज मूल्यांकन का फार्म भरने से पूर्व उत्तर प्रदेश शासनादेश संख्याः 39298/16–1099/17/2020, दिनांक 11 सितम्बर, 2020 के साथ श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के पत्र संख्याः ई–7443/03–जी0एस0/2019(टी.सी.) एवं विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति–2021 की 68वीं बैठक में लिए गये निर्णय का विवरण निम्नानुसार है।

1. उक्त शासनादेश एवं परीक्षा समिति में लिए गये निर्णय के अनुसार छात्र उत्तर पुस्तिका देखने के लिए 30 (तीस) दिन के अन्दर केवल द्वितीय चरण की परीक्षा में बैठने वाले छात्र आवेदन कर सकते हैं।
2. उक्त शासनादेश एवं परीक्षा समिति में लिए गये निर्णय के अनुसार छात्र को मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका देखने के लिए प्रति विषय **(Per Subject)** रू0 300/– विश्वविद्यालय में आनलाईन जमा करना होगा।
3. छात्र को प्रति विषय **(Per Subject)** रू0 300/– विश्वविद्यालय में आनलाईन जमा करने के उपरान्त उक्त विषय की डिजिटल मुल्यांकित उत्तर पुस्तिका छात्र को उसके लॉगिन पर **User ID** एवं पासवर्ड के माध्यम से दिखा दी जायेगी।
4. छात्र द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त यदि छात्र असंतुष्ट होता है तो छात्र परीक्षा फल घोषित होने के 45 (पैतालिस) दिन के अन्दर चैलेन्ज मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकता है।
5. यह कार्यालय आदेश लॉगिन पर उत्तर पुस्तिका देखने हेतु दिनांक 07 जून, 2022 से परीक्षा फल घोषित होने की दिनांक से 30 दिन तक प्रभावी होगा। तदोपरान्त किसी भी दशा में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Anurag Tripathi 06/06/22

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक : डा.अ.क.प्रा.वि.वि./प.नि0का0/2022/5868

दिनांकः 06 जून, 2022

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आश्वयक कार्यवाही हेतु प्रेषित :**

1. वित्त अधिकारी, डा.अ.क.प्रा.वि.वि. लखनऊ।
2. कुलसचिव, डा.अ.क.प्रा.वि.वि. लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर डा.अ.क.प्रा.वि.वि. लखनऊ को, मा0 कुलपति महोदय को अवलोकनार्थ।
4. ई0 आर0 पी0 डा.अ.क.प्रा.वि.वि. लखनऊ।
5. निदेशक/प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक